>

Title: Need to open Kendriya Vidyalaya in Municipal Corporation Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र नगर निगम सहारनपुर में केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। मैंने पत्रों के माध्यम से मानव विकास संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार को कई बार स्थिति से अवगत कराया है लेकिन अभी तक मेरे संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य हेतु कोई भी कार्रवाही सुनिश्चित नहीं की गई है। अभी पिछले सप्ताह संसदीय कार्य प्रणाली के 60 साल पूरा करने के बावजूद भी बड़े ही आश्चर्य की बात है कि उत्तर प्रदेश में अभी तक कई संसदीय क्षेत्र के क्षेत्रीय निवासी केन्द्रीय विद्यालय से वंचित हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर में केन्द्रीय विद्यालय न होने के कारण शिक्षा के स्तर में लगातार कमी आ रही है। शिक्षा का लगातार अभाव होने के कारण क्षेत्र में गरीबी व बेरोजगारी बढ़ रही है। मैं सदन के माध्यम से जानना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश के सभी संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय है या नहीं हैं। क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के सभी संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की कोई योजना बनाई है या ऐसी कोई योजना विचाराधीन है?

अतः मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में शिक्षा की आवश्यकता को देखते हुए प्राथमिकता पर जनहीत में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु आर्थिक सहयोग देने की कृपा करें।

इसके अतिरिक्त मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर मंडल में एक अतिमहत्वपूर्ण मुद्दे से अवगत कराना चाहूंगा कि मेरे सहारनपुर मंडल में लगभग 30 साल से यूनिवर्सिटी की मांग हो रही है जिसके बारे में मैंने पूर्व में भी अवगत कराया था। सहारनपुर मंडल में यूनिवर्सिटी न होने के कारण शिक्षा का स्तर लगातार कमजोर होता जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र में बेरोजगारी एवं गरीबी लगातार बढ़ रही है और यूनिवर्सिटी न होने के कारण बाहर अलग-अलग प्रदेशों में शिक्षा ग्रहण रकने के लिए जाना पड़ता है। अतः मैं भारत सरकार से सहारनपुर मंडल के नगर निगम सहारनपुर में जल्द से जल्द यूनिवर्सिटी बनावाये जाने की मांग करता हूं। मैं आपको अपने संसदीय क्षेत्र सहारनपुर मंडल के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे से अवगत कराना चाहता हूं। सहारनपुर मंडल में लगभग तीस वर्षों से यूनिवर्सिटी की मांग हो रही है जिसके बारे में मैंने पूर्व में भी अवगत करवाया था। सहारनपुर मंडल में यूनिवर्सिटी न होने के कारण वहां शिक्षा का स्तर लगातार कमजोर होता जा रहा है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Your Kendriya Vidyalaya matter will only go on record. Nothing else will go on record. Your second matter will not go on record. Please take your seat.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

(Interruptions) â€¦ *